आनुवंशिक विविधिता हेतु बाघ का स्थानांतरण

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

हाल ही में **ओडिशा** सरकार द्वारा महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व से एक बाघिन को ओडिशा के सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व (STR) में स्थानांतरित किया, जिसका नाम **जमुना** है।

- इस स्थानांतरण का उद्देश्य सिमिलिपाल के बाघों की आनुवंशिकी में विविधिता को बढ़ाना था, जहाँ बाघों की कम संख्या के कारण इनमें **अंतःप्रजनन (अतिसंबद्ध जीवों का समागम)** को लेकर चिंताएँ हैं ।

इस स्थानांतरण से संबंधित मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **पूर्व के स्थानांतरण प्रयास:** वर्ष **2018** में, **सुंदरी** नामक एक बाघिन को **ओडिशा के** सतकोसिया टाइगर रिज़र्व में स्थानांतरित किया गया था ।
  - राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा स्थानांतरण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की जाती है।
- **काले बाघों का स्थानांतरण:**
  - **बाघों की संख्या: वर्ष 2024** में किये गए ओडिशा बाघ आकलन के अनुसार सिमिलिपाल में कुल **24 वयस्क बाघ** हैं, **जिनमें** स्यूडो मेलानिस्टिक बाघों की विशेष उपस्थिति दर्ज की गई थी।
    - सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व ही एकमात्र ऐसा **पर्यावास** है जहाँ ये **काले बाघ** पाए जाते हैं।
- **अंतःप्रजनन संबंधी चिंताएँ:** सर्वाधिक **स्यूडो मेलानिस्टिक बाघ (24 वयस्कों में से 13)** सिमिलिपाल में है जिसके कारण इनके बीच **अंतःप्रजनन और आनुवंशिक विविधिता को लेकर चिंताएँ हैं, जिसके फलस्वरूप बाह्य आनुवंशिक इनपुट** की आवश्यकता होती है।
- **आगामी पहल: सिमिलिपाल** में एक **मेलेनिस्टिक टाइगर सफारी स्थापित** करने की योजना की जा रही है, जो विश्व में इस प्रकार की पहली सफारी होगी।

नोट:

- एक **आनुवंशिक लक्षण** के कारण **ब्लैक अथवा स्यूडो मेलानिस्टिक बाघ** अस्तित्व में आते हैं, जिससे एक **अद्वितीय लक्षणप्ररूप का निर्माण होता** है और यह उनकी **आनुवंशिक विविधिता की कमी** को इंगित करता है।
  - ये बाघ शरीर पर **चौड़ी और मिश्रित धारियों** से अभिलक्षित होते हैं।

सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व से संबंधित मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **अवस्थिति:** सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान **ओडिशा के मयूरभंज ज़िले में अवस्थित है।**
  - इसे **वर्ष 1973** में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बाघ अभयारण्य के रूप में अभिहित किया गया था।
  - **वर्ष 2009** में UNESCO ने **सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान** को बायोस्फीयर रिज़र्व की सूची में शामिल किया।
- **भूगोल: जोरंडा और बरेहपानी** जैसे जलप्रपात तथा **खैरीबुरू एवं मेघाशिनी चोटियाँ** सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित हैं।
  - बुरहाबलंगा, पलपला बंदन, सालंदी, **खैरी और देव नदियाँ** इससे होकर गुज़रती हैं।
  - इसका नाम **'सिमुल' (रेशमी कपास) वृक्ष** के नाम पर रखा गया है।
- **जैवविविधता:** यहाँ मुख्यतः उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन पाए जाते हैं।
  - **स्तनधारी जीव:** यहाँ बाघ, तेंदुए, सांभर हिरण, बार्किंग हिरण, गौर, वन्य बिल्लियाँ, जंगली सूअर, चार सींग वाले मृग, जायंट गिलहरी और सामान्य लंगूर पाए जाते हैं।
  - **पक्षी प्रजातियाँ:** यहाँ ग्रे हॉर्नबिल, भारतीय पाइड हॉर्नबिल और **मालाबार पाइड हॉर्नबिल** जैसी विभिन्न प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
  - **सरीसृप:** मगर प्रजाति के मगरमच्छ खैरी और देव नदियों में पाए जाते हैं।
- **मूल जनजातियाँ: यहाँ कोल्हा, संथाल, भूमिजा, बथुडी, गोंड, खड़िया, मांकड़िया और सहारा** जैसी मूल जनजातियाँ निवास करती हैं।
  - ये जनजातियाँ पवित्र उपवनों की उपासना करते हैं जिन्हें **झरिया** कहा जाता है।

ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व से संबंधित मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **अवस्थिति:** यह **महाराष्ट्र** में स्थित है और राज्य का **सबसे पुराना और सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान** है।
  - **ताडोबा/तारु** संबंद्ध क्षेत्र के जनजातीय समुदायों के **स्थानीय देवता** हैं जिनकी ये समुदाय उपासना करते हैं।
  - **अंधारी** नाम **अंधारी नदी** से लिया गया है जो इस अभ्यारण्य से होकर बहती है।
- **भूगोल:** इसमें दो प्रमुख झीलें, **ताडोबा झील और कोल्सा झील** तथा **ताडोबा नदी** स्थित हैं।
- **जैवविविधता:**
  - **वनस्पतिजात:** सागौन, **सेमल,** तेंदू, बहेड़ा, करया गोंद, महुआ मधुका, **अर्जुन,** बाँस आदि।
  - **प्राणिजात:** बाघ, भारतीय तेंदुए, भालू, गौर, नीलगाय, **ढोल**, स्मॉल इंडियन सिवेट, सांभर, **चित्तीदार हरिण, बार्किंग हरिण** और **चीतल**।

//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित बाघ आरक्षित क्षेत्रों में "क्रांतिक बाघ आवास (Critical Tiger Habitat)" के अंतर्गत सबसे बड़ा क्षेत्र किसके पास है? (2020)

(a) कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) नागार्जुनसागर-श्रीसैलम
(d) सुंदरबन

उत्तर: (c)

प्रश्न. निम्नलिखित संरक्षित क्षेत्रों पर विचार कीजिये: (2012)

1. बांदीपुर
2. भीतरकनिका
3. मानस
4. सुंदरबन

उपर्युक्त में से किसे बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tiger-translocation-for-genetic-diversity